भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौखिक प्रश्न सं. 21

गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में जल पर्यटन

21. श्री वेंकटारमन राव मोपीदेवीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में जल-पर्यटन शुरू करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

आंध्र प्रदेश में जल पर्यटन के संबंध में दिनांक 03.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 21 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख) : जल पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना की तटवर्ती परिपथ थीम के अंतर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृति दी है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	काकीनाड़ा – होप आईलैंड – कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पस्सारलापुडी – अदूरू – एस यानम –कोटिपल्ली में तटवर्ती परिपथ का विकास (2014-15)	67.84
2.	एसपीएस नेल्लौर – पुलीकट झील – उब्लमडुगु जल प्रपात – नेल्लपट्टु – कोटाकोड्रूरू – मायपदु – रामतीर्थम् – इस्कापल्ली में तटवर्ती परिपथ का विकास (2015-16)	49.55

*****